# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

**EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION**

**(श्रम एंव रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार/Ministry of Labour & Employment, Government of India)**

क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद/REGIONAL OFFICE, ALLAHABAD

**53, लीडर रोड, यूनाइटेड टावर (दूसरी व तिसरी मंजिल)/53, Leader Road, United Tower (2nd & 3rd Floor) PIN-211 003 [U.P.]**

**Phone NO. 0532-2401619 FAX NO. 0532-2401620** E-Mail –sro.allahabad@epfindia.gov.in


Letter No...........432/EPFO/RO/ALD/Tender/CA/2018 Dated: 05/06/18

## निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद में कार्यरत लगभग 50 से 55 कर्मचारियों/अधिकारियों के वेतन से तथा कार्यालय द्वारा अन्य लोगो को किए गए भुगतान पर आयकर कटौती से संबंधित त्रैमासिक और वार्षिक आधार पर ई- टीडीएस रिटर्न आयकर विभाग को प्रविष्ट करने हेतु मुहरबंद कवर में भावपत्रक आमंत्रित किया जाता है ।

निविदा सीलबंद कवर पर "आयकर विभाग को ई-टीडीएस रिटर्न इलेक्ट्रानिक फार्म में प्रविष्ट करने हेतु भावपत्रक" लिखा जाना चाहिए। यह सीलबंद कवर दिनांक 21/06/2018 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक कार्यालय में लगे टेंडर बॉक्स में छोड़ा जा सकता है ।**विस्तृत विवरण कार्यालय की वेबसाइट www.epfindia.gov.in पर उपलब्ध है।**

निविदा पत्र के साथ "क्षेत्रीय भविष्य आयुक्त निधि, इलाहाबाद" को नामांकित (अधिकतम निविदा मूल्य 10000/-) 1000/- रुपये का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न किया होना चाहिए। जिस फर्म/संस्था को अनुबंध स्वीकृत किया जायेगा, उस संस्थान को "क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, इलाहाबाद" को नामांकित 1000/- रुपये का डिमांड ड्राफ्ट को कार्यालय में सेक्यूरिटी डिपॉज़िट के रूप में जमा करना होगा । सेक्यूरिटी डिपॉज़िट पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा ।

इसके साथ ही संस्थान द्वारा सरकारी विभागो के अन्य मौजूदा अनुबंधों की एक सूची भावपत्रक के साथ भी संलग्न करनी होगी । ई-टीडीएस रिटर्न दाखिल करने के लिए नामित संस्थान एनएसडीएल द्वारा अधिकृत होना चाहिये।

यदि फर्म संतोषजनक सेवाओं को निविदा देने में विफल रहता है तो अनुबंध समाप्त कर सेक्यूरिटी डिपॉज़िट राशि को जब्त कर लिया जायेगा। इस अनुबंध की अवधि के दौरान नामित संस्थान को कार्यालय के कर्मचारियो/अधिकारियों के भौतिक वेतन और गैर वेतन से संबन्धित एवं भविष्य निधि कर्मचारियों के दावों के निपटारे से टीडीएस कटौती के आयकर रिटर्न त्रैमाशिक और वार्षिक आधार पर प्रविष्ट करना होगा, एनएलडीएल वैबसाइट पर यह डाटा अपलोड करना होगा, वेतन भुगतान के संबन्धित फार्म 16 एवं गैर-वेतन के संबन्धित फार्म 16ए त्रैमाशिक आधार पर तैयार करने होंगे ।

भावपत्रक सहायक भविष्य आयुक्त निधि के कक्ष में दिनांक 21/06/2018 को 3:30 अप. बजे खोले जायेगे। निविदाकार जो भावपत्रक खोलने के समय उपस्थित होने में रुचि रखते है, वे स्वयं उपस्थित हो सकते है या अपने प्रतिनिधि को नियुक्त कर सकते हैं।

(आशीष कुमार)
सहायक भविष्य आयुक्त निधि/प्रभारी,
क्षेत्रीय कार्यालय, इलाहाबाद

प्रति:- वेब प्रशासक,एनडीसी, नई दिल्ली - उक्त निविदा दस्तावेज़ को आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।